


पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सद्भाव के साथ होली मनाने को दिया जा रहा बढ़ावा

## गौकाष्ठ का उपयोग कर करे होलिका दहन

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,28 फरवरी. इस वर्ष पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक संदेश के साथ होली का पावन पर्व मनाए जाने का निर्णय प्रशासन ने लिया है। इसी क्रम में जिले के समस्त नागरिकों से आपसी मतभेदों को भुलाकर भाईचारे, सामाजिक एकता एवं हर्षोल्लास के साथ होली का त्यौहार मनाने की प्रशासन द्वारा अपील की जा रही है।**

कलेक्टर हरेन्द्र नारायन ने कहा कि जनसहयोग एवं सामाजिक सहभागिता के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाए कि होलिका दहन में लकड़ी के स्थान पर उपलों एवं गौकाष्ठ का प्रयोग किया जाए। साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक एवं हर्बल रंगों से होली खेली जाए तथा पशु-पक्षियों पर रंग न डाला जाए। हुड़दंग से दूर रहकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने के लिए आमजन को प्रेरित किया गया है।



### जिला प्रशासन द्वारा निम्नानुसार कार्रवाई

जिले में विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाले सार्वजनिक होलिका दहन कार्यक्रमों का नि:शुल्क पंजीयन कराया जाएगा। पंजीयन की व्यवस्था जिला मुख्यालयों में पंचायतों तथा अन्य स्थानों पर तहसील एवं नगरीय निकायों के माध्यम से पूर्णत: नि:शुल्क की जाएगी। पंजीयन हेतु जिला स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार एवं सूचना प्रसारण किया जाएगा। नगरीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं को इस अभियान में सक्रिय रूप से सम्मिलित किया जाएगा। पंजीयन के समय आयोजक संस्था की संक्षिप्त जानकारी जैसे पदाधिकारियों के नाम, संपर्क नंबर आदि प्राप्त किए जाएंगे। होलिका दहन के दिन मैदानी अमले द्वारा संबंधित संस्थाओं के साथ आयोजित कार्यक्रमों का भ्रमण कर जलाऊ एवं इमारती लकड़ी के स्थान पर गौकाष्ठ आधारित होलिका दहन को प्रोत्साहित किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री की ओर से दिया जाएगा प्रशस्ति पत्र

राज्य शासन के निर्देशानुसार निर्धारित तिथि या अवधि में जिला मुख्यालयों पर जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे, जिसमें चयनित संस्थाओं एवं उनके पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री की ओर से पर्यावरण संरक्षण संबंधी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। कलेक्टर श्री नारायन ने सभी सामाजिक, धार्मिक एवं स्वयंसेवी संगठनों सहित आमजन से इस पहल को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील की है, ताकि पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक एकता का संदेश जन-जन तक पहुंच सके।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस

### कलेक्टर श्री नारायन ने ली स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,28 फरवरी. शनिवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई।**



बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेश गोन्नाडे, सिविल सर्जन डॉ. सुशील दुबे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. पुष्पारानी सिंह, जिला क्षय अधिकारी डॉ. अर्चना कैथवास, एसएनसीयू नोडल अधिकारी डॉ. अंशु लंबा, डीपीएम शैलेन्द्र सोमकुवर सहित विभिन्न कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी, विकासखंडों के खंड चिकित्सा अधिकारी, बीईई, बीपीएम, बीसीएम तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग एवं सभी सीडीपीओ उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री नारायन ने कहा कि मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में एएनसी पंजीयन की प्रगति संतोषजनक नहीं है। इस पर सभी बीएमओ को कार्ययोजना बनाकर क्रॉस वेरिफिकेशन कराने तथा साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट जिला स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। विकासखंड तामिया में दर्ज मातृ मृत्यु के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा एवं एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। पोषण पुनर्वास केंद्रों में बच्चों की अपेक्षित वजन वृद्धि न होने पर सभी बीएमओ को साप्ताहिक निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही आईयूडी डेथ का समुचित डेटा संधारण करने एवं चाइल्ड डेथ के प्रकरणों का रिव्यू जिला स्तर से नियमित रूप से करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में टीकाकरण कार्यक्रम, सिकल सेल एनीमिया, आरबीएसके, क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, पोषण पुनर्वास, एसएनसीयू, एनसीडी सहित अन्य रष्ट्रीय कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। जिन विकासखंडों में उपलब्धि कम पाई गई, उन्हें शीघ्र सुधार करते हुए आगामी बैठक तक शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए गए।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान

**छिन्दवाड़ा.** वरिष्ठ नागरिक सुविधा केन्द्र में आयोजित वरिष्ठ नागरिक महामंच के आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने वरिष्ठ नागरिक महामंच के पदाधिकारियों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत-सम्मान किए। उन्होंने उपस्थित समस्त वरिष्ठजनों का आभार मनाते हुए अपने सारगर्भित उदबोधन में कहा कि आप सभी का यह महामंच हमारे लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री ओकटे ने कहा कि यहां उपस्थित सभी लोग शासकीय सेवा से निवृतत होकर जो संगठन बनाया है यह हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। अलग-अलग विभाग व कार्यालयों से सेवानिवृत्त होकर भी एकजुट रहना बड़ी बात है। मैं अपने आपको भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे यहां आने का अवसर प्राप्त हुआ। अपने-अपने सेवाकाल में पूरी जिम्मेदारी से आप लोगों ने कार्य करते हुए जनसेवा की है। मैं यहां किसी प्रकार की राजनीतिक बात नहीं कर रहा हूं, लेकिन आप लोगों ने कमलनाथ एवं नकुलनाथ के कार्यकाल का छिन्दवाड़ा भी देखा है जहां शांति और सद्भाव का माहौल हुआ करता था आज वो छिन्दवाड़ा भी देख रहे हैं.

### मानदेय में देरी और बढ़ोतरी की मांग को लेकर कांग्रेस ने सरकार को घेरा

**छिन्दवाड़ा.** जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष सुरेश कपाले ने पंचायत प्रतिनिधियों की समस्याओं को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जिले भर के ग्राम पंचायतों में कार्यरत सरपंचों को समय पर मानदेय नहीं मिल रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। श्री कपाले ने कहा कि जिले में लगभग 800 से अधिक सरपंच एवं हजारों की संख्या में पंच अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं, लेकिन उन्हें नियमित रूप से मानदेय प्राप्त नहीं हो पा रहा है। कई सरपंचों को अब तक कुछ माह का ही मानदेय दिया गया है, जबकि पंचों को तो इस पूरे कार्यकाल में मानदेय प्राप्त करने के लिए अधिक परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरपंचों को प्रतिमाह 4,250 रुपये तथा पंचों को मात्र 300 रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है, जो वर्तमान महंगाई के दौर में अत्यंत अपर्याप्त है।

## सोमाढाना और रंगीनखापा में छापामार कार्रवाई

### आबकारी विभाग ने 40 लीटर शराब की जब्त, 5400 किलो महुआ लाहन किया नष्ट

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,28 फरवरी. शहर के आबकारी अमले द्वारा आज शनिवार को सुबह के समय सर्वप्रथम ग्राम रंगीनखापा में दबिश देकर कुछ रिहायशी मकान और जंगलों में प्लास्टिक के ड्रम और कुप्पियों में भरा महुआ लहान बरामद कर विधिवत नष्ट किया गया। इसके बाद ग्राम लकड़ाई जम्होड़ी के जंगलों में प्लास्टिक की कुप्पियों में भरा महुआ लहान बरामद कर नष्ट किया गया।**



इसके पश्चात सोमाढाना के जंगलों के मध्य से होकर बहने वाले नाले के किनारे प्लास्टिक की पन्नियों में भरकर नाले के अंदर छुपाकर रखे गए महुआ लहान को विधिवत नष्ट किया गया। टीम को इस स्थान पर एक प्लास्टिक की पन्नी में भरी महुआ शराब भी बरामद हुई, जिसे आबकारी द्वारा कब्जे में लिया गया। मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 के तहत कुल 08 प्रकरण दर्ज कर 5400 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट किया गया। साथ ही 40 लीटर हाथ भट्टी मदिरा आबकारी द्वारा कब्जे में ली गई। इस कार्रवाई में एडीईओ जी.एल.मरावी, वासुदेवाचार्य त्रिपाठी के साथ ही आबकारी उपनिरीक्षक आकाश मेश्राम, जीत सिंह धुर्वे, सुश्री वैशाली भगत, अनिकेत पटेल के साथ ही आबकारी अमला उपस्थित था।

## स्वच्छ सर्वेक्षण : तैयारियों को लेकर नगर निगम में बैठक आयोजित

### कचरा संग्रहण, कचरा पृथक्करण, कचरा प्रसंस्करण व्यवस्थओं को लेकर की गई चर्चा

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,28 फरवरी. देशभर में आयोजित होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका निगम में शहर की स्वच्छता व्यवस्था की व्यापक समीक्षा के लिए नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय द्वारा महत्वपूर्ण बैठक ली गई।**




बैठक का उद्देश्य आगामी सर्वेक्षण के मानकों के अनुरूप शहर की तैयारियों का आकलन करना तथा आवश्यक सुधारात्मक कार्ययोजना को अंतिम रूप देना रहा। बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मालवीय, नोडल अधिकारी अभिनव कुमार तिवारी, पीआईयू से आदित्य वर्मा, समस्त जोन अधिकारी, सभी वार्ड दरोगा तथा Siddhivinayak Waste Management Services की टीम उपस्थित रही। इस दौरान कंपनी के प्रबंध संचालक आतिश राजोरे द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण से संबंधित सभी बिंदुओं पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। प्रस्तुतीकरण में घर-घर कचरा संग्रहण की वर्तमान स्थिति, स्त्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण की प्रगति, कचरा प्रसंस्करण व्यवस्था एवं प्लांट की कार्यप्रणाली पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही व्यावसायिक एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता प्रबंधन, नागरिक सहभागिता बढ़ाने के उपाय तथा सर्वेक्षण के निर्धारित मानकों के अनुरूप गैप विश्लेषण पर भी चर्चा की गई।

आगामी कार्ययोजना के तहत जिन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है, वहां त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। आयुक्त ने बैठक में प्रस्तुत बिंदुओं की गंभीरतापूर्वक समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएँ निर्धारित समयसीमा में पूर्ण की जाएँ। उन्होंने वार्ड स्तर पर नियमित निरीक्षण, सतत मॉनिटरिंग एवं फील्ड सुपरविजन को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए, ताकि शहर स्वच्छता के मानकों पर बेहतर प्रदर्शन कर सके।

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि स्वच्छ सर्वेक्षण केवल प्रशासनिक प्रयासों से नहीं, बल्कि जनसहभागिता से ही सफल हो सकता है। इसलिए नागरिकों को स्त्रोत पर कचरा पृथक्करण अपनाने, सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने तथा नगर निगम के स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग देने की अपील की गई। नगर निगम द्वारा स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ छिंदवाड़ा के निर्माण के लिए सभी आवश्यक कदम निरंतर उठाए जा रहे हैं, ताकि आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में शहर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर सके।

## बागेश्वर धाम के लिए निकली यात्रा का कांग्रेस भवन में हुआ पूजन

### धार्मिक यात्रा में सहभागी बने कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,28 फरवरी.** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ की प्रेरणा से बागेश्वर धाम के लिए धार्मिक पद यात्रा निकाली गई है। नेताद्वय की धार्मिक प्रेरणा से छिन्दवाड़ा में पहली बार बोश्वर धाम सरकार पंडित धीरेन्द्र शास्त्री जी के मुखारबिंद से कथा श्रवण का पुण्य लाभ जिलेवासियों को प्राप्त हुआ था। जिले की जनता की बागेश्वरधाम के प्रति बड़ी आस्था व विश्वास है। इसी विश्वास और आस्था के साथ कांग्रेस के तत्वावधान में बागेश्वर धाम तक पैदल यात्रा निकाली गई। यात्रा का राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में पूजन अर्चन कर स्वागत किया गया। उपस्थित



कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्तागण इस धार्मिक यात्रा में सहभागी बनें। धर्मानुरागी हनुमान भक्त कमलनाथ एवं नकुलनाथ की ओर से जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे कांधों पर गदा लेकर पदयात्रा में सहभागी बनें। विदित हो कि कांग्रेस के युवा नेता अनुज सोनी के नेतृत्व में ईएलसी चौक से बागेश्वर धाम तक धार्मिक पद यात्रा निकाली गई। कांग्रेस के तत्वावधान में निकाली गई इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य छिन्दवाड़ा का विकास और जिले के उज्लवल भविष्य की कामना के लिए यात्रा निकाली गई है। प्रमुख मार्ग से होते हुए यह यात्रा बागेश्वर धाम पहुंचकर पूर्ण होगी। यात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए बागेश्वर धाम पहुंचेगी और विधि विधान से पूजन अर्चन के उपरांत यात्रा पूर्ण होगी। आयोजित यात्रा का पूजन करने के लिए जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, सुरेश कपाले, नितिन उपाध्याय, राजीव तिवारी, किरण चौधरी, धर्मेन्द्र सोनू मागो, पप्पू यादव, चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह राहुल मालवीय, तारकेश्वर काले, दीपक वाजपाई, आशीष त्रिपाठी, शैलेन्द्र उर्फ शैलू सेंगर, आशीष चौधरी, पिचू बैस, अर्जुन बघेल, धीरज घोंघे, अर्पित नायक, नारू सोनी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जिला जेल में बंदी स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**छिन्दवाड़ा.** संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश छिन्दवाड़ा के निर्देशानुसार प्रतिमाह की भांति इस माह फरवरी के चौथे शनिवार 28 फरवरी 2026 को जिला जेल में बंदी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक, जिला छिन्दवाड़ा से समन्वय स्थापित कर आयोजित इस शिविर में जेल में परिरुद्ध बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार की व्यवस्था की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अनुमोदित जिला चिकित्सालय, जिला छिन्दवाड़ा एवं मेडिकल कॉलेज, छिन्दवाड़ा के 12 विशेषज्ञ चिकित्सकों सहित 01 नेत्र सहायक, 01 फार्मासिस्ट, 01 लैब टेक्नीशियन, 01 नर्सिंग ऑफिसर एवं सपोर्टिंग स्टॉफ की टीम गठित की गई।

### कलेक्टर श्री नारायन ने किया एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,28 फरवरी. कलेक्टर हरेंद्र नारायन द्वारा आज जिला अस्पताल छिंदवाड़ा में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के अंतर्गत 14 वर्ष एवं 15 वर्ष की बेटियों को एचपीवी के टीके लगाए जाएंगे, जिससे भविष्य में उन्हें सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षा मिल सके।**



सिविल सर्जन डॉ. सुशील दुबे ने बताया कि यह टीका पूर्णत: सुरक्षित है और बेटियों को किसी प्रकार से डरने की आवश्यकता नहीं है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. पुष्पा रानी ने जिले के विभिन्न सीएचसी में चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान की जानकारी दी। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ.नरेश गोन्नाडे, सिविल सर्जन डॉ. सुशील दुबे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. पुष्पा रानी, आरएमओ डॉ. हर्षवर्धन कुड़ापे, डॉ. विपिन जैन, डॉ. रवि टांडेकर, डॉ. मनीष गठोरिया, डॉ. एम.पी. यादव, डॉ. एल.एन. साहू, डॉ. हितेश रामटेके, डॉ. अंशुल लांबा सहित समस्त मेट्रन एवं नर्सिंग ऑफिसर्स उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान आज 9 बालिकाओं को एचपीवी का टीकाकरण किया गया।

**प्रकरण** ▶ अमरवाड़ा में सामाजिक संगठनों ने ज्ञापन सौंपकर की कार्रवाई की मांग

## ब्याजखोरी से प्रताड़ित युवक ने पीया जहर : मौत

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा /अमरवाड़ा ,28 फरवरी. बहुत चर्चित दंपति और उनके गुर्गे की प्रताड़ना और ब्याजखोरी से परेशान एक युवक द्वारा जहर पीकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजनों और सामाजिक लोगों में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन के जरिए की गई शिकायत में बताया गया कि अमरवाड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 9 निवासी राहुल लालू पिता सुरेश चौरसिया ने अपने व्यापार के सिलसिले में शू द खोर से राशि ली थी।**



आरोप है कि उधार पर 30 प्रतिशत तक ब्याज वसूला जा रहा था तथा युवक को लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। इसी प्रताड़ना से परेशान होकर युवक ने जहर पी लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजन एवं सामाजिक संगठनों ने अमरवाड़ा थाना पहुंचे और थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने तथा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की गई है।

### लंबे समय से पनप रहा है ब्याज खोरी का बिजनेस

अमरवाड़ा नगर में बहुत चर्चित दंपति और उनके गुर्गे के द्वारा नगर में लंबे समय से ब्याज खोरी का बिजनेस चल रहे हैं जिसमें नगर के अनेकों युवा के साथ कई जरूरतमंद लोग भी फंस चुके हैं और निरंतर हरिजन एक्ट की धारा का प्रकरण बनवाने के नाम पर ब्याज वसूल किया जाता है और निरंतर प्रताड़ित किया जाता है यहां ब्याज की भी अलग-अलग कैटेगरी है जिसके द्वारा राशि दे दी जाती है और लगभग 10 परसेंट 20 परसेंट 30 परसेंट तक का ब्याज यहां वसूल किया जाता है और उसके बाद निश्चित तिथि तक अगर राशि नहीं लौताई जाती है तो प्रतिदिन 1000 रूपए के हिसाब से अतिरिक्त चार्ज जोड़ा जाता है

### नगर वासियों की मांग सूदखोरों पर की जाए सख्त कार्रवाई

अमरवाड़ा नगर वासियों के द्वारा मांग की गई है कि ऐसे सभी सुतखोरों पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि इनके चंगुल में दोबारा कोई और ना फस पाए ऐसा


**मानवता हॉस्पिटल**
समर्पित सेवा भाव
मल्टीस्पेशिलिटी
**डॉ. बबीता ठाकुर**
एम.बी.बी.एस., एम.एस., प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग से संबंधित सारी सुविधाएं, नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन उचित दामों पर।
**डॉ. आशुतोष सिन्हा**
एमबीबीएस एफएमजी, एमडी फिजिशियन (कंसल्टेंट फिजिशियन)
उपलब्ध सुविधाएं :- आकस्मिक चिकित्सा, आई.सी.यू., क्रिटिकल केयर ऑपरेशन, लेप्रोस्कॉपी, एक्सरे, पैथोलॉजी लैब, ट्रामा और एक्सीडेंट केयर एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध।
24/7 EMERGENCY SERVICES
पता:-भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766

**आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
AAROGYA HEALTHCARE AH MULTISPECIALITY HOSPITAL CHHINDWARA
NABH PRE ACCREDITED
इमरजेंसी सेवा, कार्डियक सेंटर एवं एक्सीडेंटल केयर, लेप्रोस्कोपिक एवं नजरल सर्जरी

| हमें आवश्यकता है.... | नर्सिंग स्टाफ - 10 | ड्यूटी डॉक्टर - 5 | रिसेप्शनिस्ट - 4 | टेली कॉलर - 2 | हाऊसकिपिंग स्टाफ - 4 | सुरक्षा गार्ड - पुरूष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | -:योग्यता:- | -:योग्यता:- | -:योग्यता:- | -:योग्यता:- | (पुरूष (2) | -:योग्यता:- |
| | B.Sc/M.Sc Nursing/GNM) | MBBS/BAMS/ BHMS | Graduation+Computer | Graduation | महिला (2) | ऊंचाई-5*7, वजन-60+, 12वीं पास |

रिक्त पद:- प्राथमिकता एक्सपियरेंस कैंडिडेट्स को दी जाएगी (कम से कम 2 वर्ष)
संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)
इंटरव्यू-1-4 PM आपका सीवी एंड रिज्यूम इस नंबर पर भेंज- 6262640426, शॉर्टलिस्टेड कैंडिडेट्स को इंटरव्यू के लिए कॉल की जाएगी।



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित। संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677, 235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589